Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to include ice hockey under recognised sports.

श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल : अध्यक्ष जी, धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं लद्दाख से आता हूं और मैं इस सदन में एक युवा सदस्य होने के नाते आपके माध्यम से यूथ और स्पोर्ट्स के विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा ।

लद्दाख में विन्टर में आइस हॉकी का बहुत महत्व है । इस खेल का महत्व केवल लद्दाख में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत देश में और विदेशों में भी है । लद्दाख में विशेष रूप से युवक-युवतियां इस खेल में जोर-शोर से रुचि ले रहे हैं । सन् 1970 से यह खेल लद्दाख में खेला जा रहा है । लद्दाख में इन्टरनेशनल आइस हॉकी फेडरेशन द्वारा एशियन चैलेंज कप ऑर्गेनाइज किया जाता है, जिसमें वर्ष 2009 से लद्दाख के युवक युवतियां पार्टिसिपेट कर रहे हैं । हमारे युवाओं ने ज्यादातर मैडल इंडिया को रिप्रजेंट करके भारत को गौरवान्वित किया है, लेकिन हमारे इंडिया में इस खेल का रिकॉँग्नाइज़ स्पोर्ट न होने के कारण हमारे बच्चों की लाइफ व्यर्थ हो जाती है । इसके सर्टिफिकेट से जॉब में या कहीं और भी रिजर्वेशन नहीं मिलता है इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि आइस हॉकी को रिकॉँग्नाइज़ स्पोर्ट बनाइए । साथ ही साथ लद्दाख में विन्टर स्पोर्ट क्लब जैसे और अन्य संगठन भी जो इसका आयोजन करते हैं, उन्हें भारत सरकार फाइनेंशियल असिस्टेंट दे । सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि इसके महत्व के लिए लद्दाख में आइस हॉकी एकेडमी खोली जाए ।